RAF SECTOR

NEWS CLIP

13/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala (Meerut,UP)

बकरीद पर मेरठ में कड़े सुरक्षा इंतजाम, चार जोन में बंटा शहर, हर जगह आरएएफ व पीएसी का पहरा

Hindustan (Meerut,UP)

कड़ी सुरक्षा में हुई बकरीद की नमाज, अमन की दुआ

उमड़े अकीदतमंद

मेरठ | हमारे संवाददाता

बकरीद की नमाज सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। शाही ईदगाह के अलावा शहरभर की मस्जिदों में अकिदतमंदों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ की। शाही ईदगाह पर डीएम-एसएसपी के साथ काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। ईद की नमाज के मौके पर पहली बार रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को लगाया गया। डीएम अनिल ढींगरा और एसएसपी अजय साहनी ने नमाज के बाद लोगों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अमन की दुआ मांगी।

ईदगाह समेत तमाम स्थानों पर पुलिस और आरएएफ बल तैनात रहा। • हिन्दुस्तान

दिल्ली रोड स्थित शाही ईदगाह समेत शहर की मस्जिदों में सोमवार को बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने रुट डायवर्ट करने के साथ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सुबह के समय शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया। सोमवार सुबह से ही फुटबॉल चौक, घंटाघर और जैन नगर की तरफ से इंदगाह की ओर से छोटे-बड़े किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया गया। सुबह से ही शाही ईदगाह पर अकीदमतंदों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। नमाज में किसी भी व्यवधान को रोकने के लिये फुटबॉल चौक से घंटाघर तक सैकड़ों की संख्या में पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात किए गए। ऐसा पहली बार है कि ईद की नमाज के दौरान आरएएफ की सहायता ली गई हो। जिलाधिकारी अनिल ढींगरा और एसएसपी अजय साहनी खुद भी नमाज के दौरान शाही ईदगाह पर मौजूद रहे।

महिलाएं छतों से बनाती रहीं वीडियो: नमाज शुरू होने से पूर्व ही शाही ईदगाह के आसपास स्थित मकानों की महिलाएं छतों पर आ गईं। उन्होंने सजदे को अपने कैमरों में कैद किया।

न तीन तलाक और न 370-35ए का जिक्र

मेरठ | हमारे संवाददाता

देश में जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा 370 और 35ए मुद्दा बना हुआ है। तीन तलाक बिल भी चर्चाओं में है। बकरीद की नमाज से पूर्व तकरीर में सभी को तीन तलाक, धारा 370 और 35ए पर कारी व शहर काजी की ओर से मार्गदर्शन करने की आशा थी, लेकिन तकरीर में किसी का भी जिक्र नहीं किया गया।

कारी शफीकुर्रहमान कासमी ने मौजूदा हालातों के हमेशा न रहने और इन हालातों का इल्म के माध्यम से सामना करने की सलाह दी। केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में तीन तलाक को कानून के दायरे में लाया गया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया। इसके साथ 35ए भी निष्क्रिय हो गया।

यह मुद्दा भी सुर्खियों में बना हुआ है। सोमवार को बकरीद की नमाज पर लोगों को तीन तलाक और 370 व 35ए पर मार्गदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन नमाज से पूर्व की गई करीब 40 मिनट की तकरीर में तीनों मुद्दों पर कुछ नहीं कहा गया। तकरीर के दौरान कारी शफीकुर्रहमान ने मौजूदा हालातों की घोषणा 35 वर्ष पूर्व होने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी नहीं संभले तो आने वाली हुकूमतें शरई कामों को और कठिन कर देंगी। उन्होंने मौजूदा हालातों का इल्म द्वारा सामना करने की सलाह दी।

Amar Ujala (Prayagraj,UP)

मस्जिदों के आसपास रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। बकरीद को देखते हुए मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मस्जिदों के आसपास स्थानीय थाने से पुलिस बल के अलावा पीएसी एवं आरएएफ के जवान तैनात थे। एसएसपी अतुल शर्मा एवं एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव सुबह ही ईदगाह पहुंचे गए। नमाज खत्म होने तक पुलिस अधिकारी वहीं डटे रहे। शाहगंज,

पुलिस के अलावा पीएसी एवं आरएएफ के जवान थे तैनात

बहादुरगंज, नखास कोहना, बादशाही मंडी, अटाला, रानीमंडी, करेली, दायराशाह अजमल, मिन्हाजपुर, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे समेत व्यस्तम व्यवासियक प्रतिष्ठानों में भी पुलिस ने निगरानी रखी। नमाज को देखते हुए कई महत्वपूर्ण रास्तों पर यातायात भी प्रतिबंधित किया गया था। नामाज खत्म होने के बाद कुछ जगहों पर आंशिक तौर पर ढील दे गई जबकि कई रास्तों पर दोपहर एक बजे बाद ही पांबदी हटाई गई। इस दौरान् नो इंट्री पास वाले वाहनों को भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। एसपी सिटी के मुताबिक शांतिपूर्ण महौल में बकरीद मनाई गई।

I Next (Prayagraj,UP)

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नमाज के वक्त मस्जिदों के आस-पास आरएएफ जवानों ने संभाला हुआ था मोर्चा.

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।